O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test 1(Round-2) (2026 – 27)

Class : XI **MM: 20**

Subject: Hindi **Time: 1:00 Hr**

Name: .---------- Roll No.:_____

सामान्य निर्देशः सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |

प्र01 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (5)

जो नर आत्म-दान से अपना जीवन-घट भरता है
वही मृत्यु के मुख में भी पड़कर न कभी मरता है।
जहाँ कहीं है ज्योति जगत में, जहाँ कहीं उजियाला
वहाँ खड़ा है कोई अंतिम मोल चुकाने वाला।।
दिया अस्थि देकर दधीचि ने, शिवि ने अंग कतर कर,
हरिश्चंद्र ने कफन माँगते हुए सत्य पर अड़कर।
ईसा ने संसार-हेतु शूली पर प्राण गँवाकर
अंतिम मूल्य दिया गाँधी ने तीन गोलियाँ खाकर
हँसकर लिया मरण ओठों पर, जीवन का व्रत पाला,
अमर हुआ सुकरात जगत में पीकर विष का प्याला।
मरकर भी मनसूर नियति की सह पाया ना ठिठोली,
उत्तर में सौ बार चीखकर बोटी-बोटी बोली।
दान जगत का प्रकृत धर्म है, मनुज व्यर्थ डरता है
एक रोज तो हमें स्वयं सब-कुछ देना पड़ता है।
बचते वही, समय पर जो सर्वस्व दान करते हैं
ऋतु का ज्ञान नहीं जिनको, वे देकर भी मरते हैं।

बहुविकल्पीय प्रश्न

(क) संसार में अमर पद को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है - (1)

(i) आत्मदान करना (ii) परोपकार करना

(iii) त्याग करना (iv) आत्मोत्सर्ग करना

(ख) सत्य पर अडिग रहने वाले महापुरुषों में किसका नाम अमर है ? (1)

(i) राम का (ii) कृष्ण का

(iii) शिवि का (iv) हरिश्चंद्र का

(ग) काव्यांश में कवि ने महापुरुषों का उल्लेख क्यों किया है? **(1)**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए

1. महापुरुषों का परिचय देने के लिए।
2. महापुरुषों से सीख लेने के लिए।
3. त्याग और दान की महिमा जानने के लिए।
4. धर्म की वास्तविकता को जानने के लिए।

कूट

(i) केवल 1 (ii) केवल 3

(iii) 2 और 3 (iv) 1 और 4

लघूत्तरात्मक प्रश्न

(घ) प्रस्तुत काव्यांश के माध्यम से कवि ने क्या संदेश देने का प्रयास किया है? **(2)**

प्र02 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

(क) वॉचडॉग पत्रकारिता क्या है ? **(2)**

अथवा

पेज थ्री पत्रकारिता किसे कहते हैं ?

(ख) पीत पत्रकारिता को स्पष्ट कीजिए। **(3)**

प्र03 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

(क) मियाँ नसीरुद्दीन को 'नानबाइयों का मसीहा' क्यों कहा गया है ? **(2)**

अथवा

लेखिका कृष्णा सोबती जब मियाँ नसीरुद्दीन के पास आई , तो मिया ने उन्हें क्या समझ लिया था ?

(ख) मियाँ नसीरुद्दीन तीसरी पीढ़ी के हैं, जिन्होंने अपनी खानदानी व्यवसाय को अपनाया। वर्तमान समय में प्रायः लोग अपने पारंपरिक व्यवसाय को नहीं अपना रहे हैं। ऐसा क्यों ? **(3)**

प्र04 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

(क) मीरा जगत को देखकर रोती क्यों है ? **(2)**

अथवा

मीरा कृष्ण की उपासना किस रूप में करती हैं ? वह रूप कैसा है ?

(ख) अंसुवन जल सींचि-सींचि, प्रेम-बेलि बोयी

अब त बेलि फैलि गयी, आणंद-फल होयी। पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। **(3)**

——000——